लोक सभा अध्यक्ष ने श्री विनोद मेहता के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 8 मार्च, 2015: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने जाने-माने पत्रकार श्री विनोद मेहता के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा, " मुझे श्री विनोद मेहता के निधन के बारे में जानकर बहुत दुःख हुआ है ।श्री मेहता एक प्रख्यात पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक थे जिन्होंने अपने प्रखर लेखों से पत्रकारिता के क्षेत्र को समृद्ध किया। वह सामयिक रूचि के विषयों का विश्लेषण अपने गहन ज्ञान और तीक्ष्ण बुद्धि से करते थे । श्री मेहता के निधन से हमारे बौद्धिक क्षेत्र में एक अपूरणीय क्षति हुई है । मैं स्वर्गीय श्री विनोद मेहता को श्रद्धांजलि देती हूँ और उनके शोकसंतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूँ ।